Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Murmu Shri Hemlal

an>

Title : Need to restore the train services from Rampur Haat to Baharawa via Pakur in Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : सभापति महोदय, दिनांक 11.07.2006 से रामपुर हाट, जो बंगाल में पड़ता है और बरहवा रेल खंड के बीच पाकुड़ स्टेशन से गुजरने वाली मेल/एक्सप्रैस एवं सवारी गाड़ियों का आवागमन पूर्णतः बंद हो गया है, जिसके कारण इस क्षेत्र के लाखों लोगों का देश के विभिन्न भागों से सम्पर्क टूटा हुआ है। इसकी वजह से उस इलाके में जनता का काफी आन्दोलन चल रहा है। रामपुर हाट और सेतिया के बीच एक पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से रेलवे आवागमन पूरा ठप्प हो गया है। सबसे बड़ी बात है कि झारखंड राज्य की राजधानी रांची से जोड़ने वाली जो एकमात्र वनांचल एक्सप्रैस है, वह भी बंद पड़ी हुई है, जिसके चलते काफी लोगों को कठिनाई हो रही है।

मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि उस रेल खंड को अविलंब चालू करवाने के लिए पहल की जाए।